# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद
विज्ञान एवं प्रावैधिकी परिसर, नामकुम–तुपुदाना रोड, नामकुम, राँची – 834010
Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891


विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 28 / 21 – 30 ,राँची / दिनांक: 03 / 09 / 2020

## बी॰एड॰ पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2021–23 में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने से संबंधित आवश्यक सूचना

..............................

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग (उच्च शिक्षा निदेशालय) के पत्रांक 02 / वि.1 / 104 / 2017–799 दिनांक 15.07.2021 द्वारा अधिसूचित विभागीय अधिसूचना के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021–23 में नामांकन हेतु आयोजित होने वाले संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के स्थान पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत् स्नातक परीक्षा (Qualifying Examination) में प्राप्तांक के आधार पर राज्य स्तरीय मेधा सूची तैयार करने एवं नामांकन की अनुशंसा के लिये झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, राँची को प्राधिकृत किया गया है।

तद्‌लोक में पर्षद द्वारा राज्य के मान्यताप्राप्त बी0एड0 संस्थानों (Government/Government Aided/Unaided/Self-financed and Private recognized B.Ed. institutions) के बी0एड0 पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2021–23 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

**2.** **पाठ्यक्रम की अवधि** :– 2 वर्ष

**3.** **आरक्षणः** आरक्षित सीटों के नामांकन / अनुशंसा में झारखण्ड सरकार का अद्यतन आरक्षण नीति प्रभावी होगा।

**4.** इस वर्ष की अर्हक परीक्षा (स्नातक) में शामिल होने वाले अभ्यर्थी भी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं परन्तु उन्हें पुनः लॉग–ईन कर अपना स्नातक परीक्षा का प्राप्तांक ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 27.09.2021 तक दर्ज करते हुए अंक पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हे राज्य मेधा–सूची में शामिल नहीं किया जायेगा।

## 5. शैक्षणिक योग्यता (Eligibility Criteria for B.Ed.) :–

5.1 Candidate with at least 50% marks either in Bachelor's Degree and /or in Master's Degree in Science/Social Science/ Humanities/Commerce, Bachelor's in Engineering or Technology with specialization in Science and mathematics with 55% marks or any other qualification equivalent thereto, are eligible for consideration for admission to B.Ed. course.

5.2 The Candidate will have to choose only one subject (within a subject category) which she/he must have studied in the qualifying degree, i.e., Bachelor's Degree or Master's Degree for at least 200 marks and out of which obtained at least 50% in that subject. The subject will henceforth be referred to as the teaching subject in the B.Ed. course.

5.3 There is no restriction in the passing year to apply in B.Ed. course.

**6. आवेदन की प्रक्रियाः**– आवेदक पर्षद के अधिकृत वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर "Click Here for All Online Application Submission- JCECEB - 2021 को Click करें तथा उसके बाद "Online Application Form Submission for Admission in B.Ed. in year-2021" link को Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए **दिनांक 07.09.2021 से दिनांक 27.09.2021 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र भर सकते है।** ऑनलाईन आवेदन करते समय वांछित विवरणी दर्ज कर रजिस्ट्रेशन करना होगा तथा स्कैन किया हुआ पासपोर्ट साईज का अपना रंगीन फोटोग्राफ, जिसमें चेहरे के साथ–साथ दोनों कान स्पष्ट रूप से दिखाई देना चाहिए तथा संपादित (Edited) नहीं होना चाहिए; हस्ताक्षर एवं बाँयें हाथ के अंगूठे का निशान अपलोड करना होगा। पीडीएफ अपलोड सेक्सन में निम्न प्रमाण–पत्रों को एक साथ पीडीएफ फॉर्मेट में स्कैन कर तैयार फाईल अपलोड करना होगाः– (1) मैट्रिक/10वीं का अंक–पत्र एवं उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र (2) स्नातक डिग्री का अंक पत्र, (3) स्नात्कोत्तर डिग्री का अंक पत्र (स्नात्कोत्तर डिग्री के आधार पर आवेदन करने की स्थिति में), (4) NCC 'C'/ NSS प्रमाण–पत्र (यदि हो तो), (5) स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र, (झारखण्ड राज्य के स्थानीय/स्थायी निवासी के लिये) (6) आरक्षण का लाभ लेने हेतु – जाति प्रमाण–पत्र (7) आय और सम्पति प्रमाण पत्र {आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग (EWS) के अभ्यर्थियों हेतु} (8) दिव्यांगता प्रमाण–पत्र (दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु)। संबंधित प्रमाण पत्रों के प्रारूप पर्षद के वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के डाउनलोड कॉलम में देखा जा सकता है।

निर्धारित राशि के आवेदन शुल्क भुगतान के उपरान्त कन्फर्मेशन पेज का प्रिंट आउट भविष्य के उपयोग हेतु सुरक्षित रख लें।

**7. आवेदन शुल्कः**– आवेदकों को परीक्षा शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा लिया जायेगा। आवेदन शुल्क की दर निम्न प्रकार हैः–

| क्रम सं0 | कोटि | दर |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य/आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग (EWS) | ₹ 500/– |
| 2. | पिछड़ी जाति – I/पिछड़ी जाति – II (झारखण्ड राज्य के ) | ₹ 375/– |
| 3. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/सभी कोटि की महिला (झारखण्ड राज्य के ) | ₹ 250/– |

**नोटः** झारखण्ड राज्य के बाहर के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति – I/पिछड़ी जाति - II एवं महिला अभ्यर्थियों को सामान्य कोटि के लिये निर्धारित आवेदन शुल्क देय होगा। आवेदन शुल्क अप्रतिदेय (non refundable) होगा। परीक्षा शुल्क पर देय बैंक चार्ज का भी भुगतान अभ्यर्थियों को करना होगा।

**8.** मेधा सूचीः– ऑनलाईन आवेदन के समय अभ्यर्थियों द्वारा दर्ज की गयी स्नातक के प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर मेधा सूची का निर्माण किया जायेगा। दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के प्राप्तांक समान होने की स्थिति में मेधा–क्रम का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगाः–

(ख) NCC 'C'/ NSS प्रमाण–पत्र धारी को प्रामिकता दी जायेगी। यह भी स्थिति समान होने पर

(ग) पहले जन्म तिथि वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जायेगी।

**9. आरक्षणः**– आरक्षित कोटियों हेतु सीटों के लिये आरक्षण में झारखण्ड सरकार के अद्यतन आरक्षण नीति प्रभावी होगा। झाखण्ड राज्य स्थित विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों हेतु कुल सीटों का 85% आरक्षित होगी तथा शेष 15% सीटें खुली रहेगी।

आरक्षण का लाभ लेने हेतु अभ्यर्थी को संबंधित प्रमाण–पत्र/पत्रों को अपलोड करना आवश्यक होगा। प्रमाण–पत्रों का प्रारूप पर्षद के वेबसाईट में डाउनलोड कॉलम में उपलब्ध है।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

**(रंजीता हेम्ब्रम,** झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक